बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

शुद्धि–पत्र

विज्ञापन संख्या–11/2020, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अन्तर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक, विद्युत अभियंत्रण के कुल 287 (दो सौ सतासी) पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु दिनांक–10.07.2020 को विज्ञापन प्रकाशित करते हुए सुयोग्य उम्मीदवारों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के पत्रांक–1815, दिनांक–08.07.2020 एवं पत्रांक–2130, दिनांक–04.09.2020 के आलोक में उक्त प्रकाशित विज्ञापन की कंडिका–5 (संविदा पर नियोजित सहायक प्राध्यापक के लिए) वेटेज एवं कंडिका–3 शैक्षणिक योग्यता (नोट में) क्रमशः निम्नांकित प्रावधान को जोड़ते हुए संशोधित किया जाता है:–

1. विभागान्तर्गत 07 (सात) अभियंत्रण महाविद्यालयों में तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन कार्यान्वयन कार्यक्रम (TEQIP) के अन्तर्गत अस्थायी Engagement के रूप में नियोजित सहायक प्राध्यापकों पर भी नियमित नियुक्ति में बिहार अभियंत्रण शिक्षा सेवा नियमावली के परिशिष्ट–1 तालिका–2 में प्रावधानित 05 अंक प्रति वर्ष (अधिकतम–25 अंक) अधिमानता मान्य होगी।
2. **B.E./B.Tech में प्रथम श्रेणी से Degree प्राप्त करने के पश्चात् Relevant/Appropriate Branch में सीधे प्राप्त की गई Ph.D की डिग्री की मान्यता दी गई है क्योंकि AICTE द्वारा B.E./B.Tech. के बाद के Relevant/Appropriate Branch में UGC के Guidelines के अनुसार सीधे P.h.D डिग्री प्राप्त होने के पश्चात् अभियंत्रण महाविद्यालय के विभिन्न पदो के लिए योग्य माने गये है (Degree के लिए AICTE Notification 1 March 2019 की कंडिका–7.2.1 के अनुसार)। M.Tech. डिग्री की अनुपलब्धता की स्थिति में उन्हें M.Tech. में शून्य अंक प्रदत्त की जाएगी।**

उक्त संशोधन के आलोक में आवेदन भरने की प्रक्रिया की तिथि को निम्न प्रकार से विस्तारित किया जाता है:–

क्र0 सं0	ऑनलाईन आवेदन संबंधी प्रक्रिया	पूर्व से निर्धारित अंतिम तिथि	विस्तारित अंतिम तिथि
1.	रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) की तिथि	13.07.2020 से 30.07.2020 तक	14.09.2020 से 21.09.2020 तक
2.	परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि	07.08.2020 तक	25.09.2020 तक
3.	ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि	14.08.2020 तक	01.10.2020 तक
4.	आयोग कार्यालय में स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से आवेदन की हार्ड कॉपी एवं सभी कागजात/प्रमाण पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि	24.08.2020 के अपराह्न 05:00 बजे तक	07.10.2020 के अपराह्न 05:00 बजे तक

नोट–1: **जिस तिथि को रजिस्ट्रेशन किया गया है उसकी अगली तिथि को पूर्वाह्न 11:00 बजे के बाद परीक्षा शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के लिए आवेदक को लिंक उपलब्ध होगा।**

नोट–2: **जिस तिथि को भुगतान किया गया है उसकी अगली तिथि को पूर्वाह्न 11:00 बजे के बाद आवेदक को ऑनलाईन Application Form भरने के लिए लिंक उपलब्ध होगा। अभ्यर्थी दिनांक–25.09.2020 तक निश्चित रूप से भुगतान कर लें।**

3. **उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में विस्तृत सूचना/विवरणी/जानकारी एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु निर्देश आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित है।**
4. **अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के पूर्व वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।**

उक्त प्रकाशित विज्ञापन को इस हद तक संशोधित किया जाता है। विज्ञापन की शेष शर्ते यथावत रहेगी।

11.9.20

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।